खाटू की गलियों में कोठी मेरी

सांवरिया सरकार मेरा बस इतना कहन पुगा देना,
खाटू की गलियों में बाबा कोठी मेरी बना देना.....

सुबह सुबह उठकर मैं बाबा मंदिर तेरे आऊंगा,
भोग लगाऊंगा मैं तुझको दर्शन तेरा पाऊंगा,
रात को कीर्तन करूँ तेरा बस सुबह जल्दी उठा देना,
खाटू की गलियों में बाबा कोठी मेरी बना देना.....

जो भगत दूर से आएंगे उनकी सेवा में खड़ा रहूं,
झाड़ू पोछा करूँ तेरा चरणों में तेरे पड़ा रहूं,
आवन जावन खातर बस एक ऑडी नवी दिला देना,
खाटू की गलियों में बाबा कोठी मेरी बना देना......

तेरा पडोसी बनूँगा जब मैं ख्याल तुझे ही रखना है,
तेरे भक्तों में नाम हो मेरा, मेरा भी ये सपना है,
कुमार प्रवीण पर भी अपनी मोरछड़ी लहरा देना,
इन भक्तों पे बाबा अपनी मोरछड़ी लहरा देना,
खाटू की गलियों में बाबा कोठी मेरी बना देना......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31724/title/khatu-ki-galiyo-me-kothi-meri

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |